# स्टेट हाइवे पर बैठकर स्कूल की छात्राओं ने विरोध-प्रदर्शन किया

## स्कूल के बगल में बनी दो दुकानों के निर्माण का मामला



विद्यालय के बाहर स्टेट हाइवे धौलपुर-बसेड़ी की मुख्य सड़क पर बैठी बालिकाएं।

**धौलपुर,** (निसं)। जिले में बाड़ी शहर के सीनियर सेकेंडरी बालिका विद्यालय में मंगलवार को उस वक्त हंगामा खड़ा हो गया। जब स्कूल की सैकड़ों बालिका ने विद्यालय के बाहर स्टेट हाईवे धौलपुर-बसेड़ी की मुख्य सड़क पर बैठ गई और विरोध प्रदर्शन करने लगी।

विद्यार्थी परिषद के बैनर तले हो रहे इस विरोध प्रदर्शन के पीछे विद्यालय परिसर के बगल में बन रही दो दुकानों के नव निर्माण का कारण बताया जा रहा है। विरोध कर रही विद्यालय की छात्राओं ने आरोप लगाया कि स्कूल की जगह में अवैध निर्माण हो रहा है। वहीं स्कूल प्रशासन ने बताया कि स्कूल की जगह पर नगर पालिका द्वारा पूर्व में पट्टा काट दिया गया था, जबकि भूमि विद्यालय के खसरा नम्बर में बोल रही है। जिसका मामला कोर्ट में चल रहा है। ऐसे में विद्यालय की छात्राओं ने आक्रोशित होकर विरोध प्रदर्शन किया है। मामले को लेकर स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि विद्यालय के मुख्य गेट के बगल में दो दुकान हैं जो पूर्व से बनी हुई थी। उनको तुड़वाकर फिर से नवनिर्माण कराया जा रहा है। इसके पीछे विरोध यह है कि यह विद्यालय की भूमि में बनी है। हालांकि इस पर नगर पालिका ने पट्टा काटा है। जिसको लेकर कोर्ट में मामला चल रहा है।

मामले को देखते हुए मौके पर पहुंचे एसडीएम गिरधर मीणा ने बताया

■ 15 से 20 मिनट तक लगा रहा जाम

कि पूर्व में नगर पालिका के पट्टे पर यह दुकानें बनी हुई थी। जिनको द्वारा से बनवाया जा रहा है। जो दुकान मालिक है उस पर नगर पालिका का पट्टा भी है और अनुमति भी है साथ में कोर्ट से भी उस के पक्ष में आदेश दिया है। इसको लेकर विद्यालय प्रशासन और स्कूल की छात्राओं ने आज सड़क पर बैठकर विरोध किया था। जिसमें विद्यार्थी परिषद के कुछ पदाधिकारी शामिल थे, लेकिन उनको समझाईश कर मामला शांत करा दिया है। इस दौरान मौके पर कोतवाली थाना अधिकारी महेंद्र सिंह चौधरी के साथ पुलिस का जाप्ता मौके पर पहुंचा और मामले को शांत कराया। करीब 15 से 20 मिनट तक छात्राएं सड़क पर बैठी रही। जिससे बसेड़ी और धौलपुर रोड पर जाम लग गया।

## कावड़ यात्री पहुंचे खोहरा धौला कुआं

**महुवा,** (निसं)। सोरोजी से महादेव मंदिर खोहरा धौलाकुआं पहुंची कांवड़ यात्रा का भाजपा नेता पूर्व प्रधान राजेंद्र मीना के साथ ग्रामीणों ने पैट्रोल पंप नौगांव पर माला साफा जलपान करा कर स्वागत सम्मान किया।

मंगलवार सुबह पहुंची कांवड़ यात्रा का कस्बे सहित रास्ते में जगह जगह पुष्प वर्षा एव अल्पाहार जलपान करवाकर स्वागत किया। इस दौरान भाजपा नेता राजेंद्र मीना ने कहां की धर्म की जड़ सदा हरि होती है और जिनकी धर्म और ईश्वर में आस्था रहती हैं उन्हें आत्मिक मजबूती मिलती है धर्म के काम में सभी को हंसी खुशी से भाग लेना चाहिए और हिल मिलकर काम करना चाहिए और समय समय पर धार्मिक कार्यक्रम होने चाहिए भोले के जयकारे लगाते हुए कांवड़ यात्रा को रवाना किया। इस दौरान रमसी लाल मीना, हिम्मत सिंह मीना , गब्बर मीना, कमल राम मीना, नारायण मीना, विजय सिंह मीना, मुनीराम मीना, रामसहाय मीना, मोहन मीना, ओमप्रकाश मीना, धनफुल मीना, सुरज्ञान मीना, बबलू वीरेंद्र मीना, भुल्लू, दिनेश, सहित दर्जनों महादेव भक्तगण मौजूद थे।

## सार-समाचार

### दो घंटे का कार्य बहिष्कार किया




**करौली,** (निसं)। राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर 11सूत्रीय मांगों को लेकर सामान्य चिकित्सालय करौली एवं मातृ एवं शिशु चिकित्सालय करौली में 2घंटे कार्य बहिष्कार कर गेट बैठक रखी गई। आगामी दिनों में आंदोलन को और तेज करने का निर्णय लिया गया फिर भी सरकार से सकारात्मक परिणाम वार्ता नही होती है तो राजस्थान की समस्त नर्सेज एकदिवसीय सामूहिक आकस्मिक अवकाश लेकर 23.अगस्त .को जयपुर राजधानी कूंच करेगी जिसमें नर्सेज 50से55 हजार की तादात में विरोध प्रदर्शन करेंगे जिसकी समूची जिम्मेदारी राजस्थान सरकार की होगी इस अवसर पर नर्सेज कर्मी हरसहाय गुर्जर,कैलाश बैरवा,राघवेंद्र शुक्ला,नीरज शर्मा, अमित मीना,अरविंद कुमार मीणा,मनोज कुमार मीणा,मुकुट शर्मा,जगमोहन माली,रजनीकांत मीणा,चेतन सिंह, मोहन सिंह मीणा,मनीष मीणा,रवि मीणा,ममता शर्मा, रितु ठाकरे, मनोज मीणा, पुष्पेंद्र मीणा, सुरेश गुर्जर, विष्णु गुप्ता, सतीश शर्मा वही मण्डरायल रोड स्थित जिला चिकित्सालय कि एमसीएच बिंग में बद्री लाल प्रजापत,विशंभर शर्मा,हेमराज मीणा, हंसराम मीणा,हेमंत शर्मा,मीना पटेल,रीना बिंदल सहित दोनों चिकित्सालयो में कार्यरत सैंकड़ों नर्सिंग स्टाफ ने 2 घंटे का कार्य बहिष्कार करते हुए धरना प्रदर्शन किया

### दो पक्षों में पथराव

**भरतपुर** (निस)। मथुरा गेट थाना क्षेत्र के प्रिंस नगर कॉलोनी में मकान के पीछे गेट निकालने को लेकर दो पक्षों में जमकर पथराव हुआ। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पथराव में मोहन की पत्नी घायल हो गई जिसे आरबीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जिसके बाद दोनों पक्ष मथुरा गेट थाने में एक दूसरे के खिलाफ शिकायत करवाने पहुंचे। इस दौरान मोहन घर पर था। तभी मोहन के घर पर करीब 6 लोग मुंह पर कपड़ा बांध कर आये और मोहन के पैर में गोली मारकर फरार हो गए। मोहन ने बताया कि ओंकार का मकान बन रहा है, वह पीछे की तरफ से मकान का गेट निकालना चाहता है। जो गलत है, वह उसका विरोध कर रहे हैं। सुबह दोनों पक्षों में गेट न निकालने को लेकर जमकर पथराव हुआ। यह पूरी घटना ओंकार के घर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना में मोहन की पत्नी को चोट आई है। जिसे आरबीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना के बाद दोनों पक्ष मथुरा गेट थाने में मामला दर्ज करवाने पहुंचे। उस दौरान मोहन सिंह अपने घर पर था। तभी मोहन सिंह के घर करीब 6 बदमाश आये उन्होंने मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था। उन्होंने मोहन सिंह के घर के बाहर से मोहन सिंह को आवाज दी, जैसे ही मोहन सिंह घर के बाहर आया तभी बदमाशों ने मोहन सिंह के पैर में गोली मार दी, जिसमें मोहन सिंह घायल हो गया। जिसके बाद मोहन सिंह ने फोन कर अपने परिवार वालों को घटना के बारे में बताया। तब मोहन सिंह के परिवार के लोग थाने से घर पहुंचे। उन्होंने मोहन सिंह को आरबीएम अस्पताल में भर्ती करवाया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चोरी का मामला दर्ज

**भरतपुर** (निस)। मथुरा गेट थाना क्षेत्र में विधि महाविद्यालय में पेपर देकर आए तीन विद्यार्थियों ने मोबाइल व एटीएम कार्ड चोरी होने का मामला थाना मथुरा गेट में दर्ज कराया है। फिलहाल पुलिस मामले के अनुसंधान में जुटी हुई है। पुलिस को दी गई षिकायत में बताया कि 31 जुलाई को सचिन अपने दोस्तों विपुल व षुभम के साथ विधि महाविद्यालय में द्वितीय वर्श के परीक्षा देने के लिए बलैनो गाडी से गए थे। गाडी कॉलेज के अंदर पार्क की थी। दोपहर एक बजे से 4 बजे तक पेपर आयोजित हुआ। परीक्षा में जाने से पहले सचिन, षुभम व विपुल ने अपने मोबाइल व पर्स गाडी में रख दिए थे। जब परीक्षा खत्म करने बाहर आए तो गाडी का सीसा टूटा मिला। जब गाडी में सामान चैक किया तो तीनो के एटीएम कार्ड, क्रेडिट कार्ड, पैन कार्ड व नगदी चोरी पाई गई। जिसे किसी अज्ञात ने चोरी कर लिया। सचिन ने बताया कि उसके पर्स में 4 हजार रूपये नगद व एटीएम कार्ड से 25 हजार रूपये व क्रेडिट कार्ड से 12282 रूपये डेबिट कर लिए। इसी तरह षुभम गुप्ता के एटीएम से 98500 रूपये व पेटीएम पेमेंट बैंक से 40 हजार रूपये व क्रेडिट कार्ड से एक हजार रूपये डेबिट कर लिए व पर्स से 16 हजार रूपये निकाल लिए। विपुल के एटीएम से भी एक हजार रूपये निकाल लिए। जिस पर मथुरा गेट थाना पर मामला दर्ज कर कार्यवाही की मांग की गई। फिलहाल पुलिस मामले के अनुसंधान में जुटी हुई है।

### सेवानिवृत्ति पर दी भावभीनी विदाई

**सूरौठ,** (निसं)। शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त होने पर गौंड का सर्व समाज के लोगों ने किया गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत सम्मान जिस पर राजेंद्र विजयवर्गीय गिरधारी सोनी राकेश शुक्ला पंकज गौड प्रेम सिंह गंधार सुरेश शर्मा प्रभात हरिओम गोयल पालन सिंह गंधार ने जानकारी देते हुए बताया कि नरेंद्र गौंड के सेवानिवृत्त होकर अपने गांव जटवाड़ा आने पर गौंड का जुलूस निकाला गया जुलूस गंगापुर भरतपुर मेगा मार्ग होते हुए जटवाड़ा ठाम के प्रमुख मार्गो से होते निज निवास पर पहुंचे नरेंद्र गौंड का जगह-जगह सभी लोगों ने माला व साफा पहनाकर व गुलाल लगाकर जोरदार तरीके से भव्य स्वागत सम्मान किया गया साथ ही नरेंद्र गौंड को समस्त स्टाफ कर्मियों कि ओर से भी स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत सत्कार किया गया उनके द्वारा दी गई सेवाओं सराहना कि और सभी उपस्थित कर्मचारी गणों ने भावभीनी विदाई दी इस मौके पर कई लोग रहे उपस्थित।

### मांगों को लेकर ज्ञापन दिया

**महुवा,** (निसं)। सैनी समाज के द्वारा 11 सूत्रीय माँगों को लेकर तहसीलदार को तहसील कार्यालय में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी तरुण सैनी के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि पूर्व में भी ज्ञापन देकर समाज की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को अवगत करवा दिया गया था। लेकिन अभी तक उस पर कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई उन्होंने चेतावनी देते हुए बताया कि जल्द हमारी माँगों पर सहमति बनाए अन्यथा 10 अगस्त को बड़े जन सैलाब के साथ मुख्यमंत्री हाउस कूच किया जाएगा। 11 सूत्री मांगो में 12 प्रतिशत आरक्षण, महात्मा ज्योतिबा फुले बोर्ड की नियुक्तियां, फूले दंपति को भारत रत्न सहित अन्य मांगे शामिल है। इस मौके पर फुले ब्रिगेड के तहसील अध्यक्ष लोकेश सैनी रामगढ़, हेमंत सैनी, जलसिंह सैनी, मुखराम सैनी, लोकेश केसरी, महेंद्र सैनी, बनवारी सैनी, घनश्याम सैनी, दीपक सैनी, संजय सैनी, अशोक सैनी, विनोद सैनी, पवन सैनी, मुखराम सैनी जेईन सैनी आदि लोग मौजूद थे।

### नौ को लगाई जायेगी अमृत वाटिका

**करौली,** (निसं)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नेहरू युवा केन्द्र से संबंधित युवा स्वयंसेवको एवं युवा मंडलो द्वारा सभी विभागों के समन्वय से आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में 75 पौधों की अमृत वाटिका 9 अगस्त को लगाई जाएगी। इसके अंतर्गत गांव गांव में पंच प्रण की शपथ भी दिलायी जाएगी इस जन भागीदारी के अभियान में जो भी युवा, युवा मंडल, एनजीओ, सीबीओ, स्वयंसेवक व समाजसेवक जो भी स्वयंसेवा से भाग लेना चाहते है वे अपना पंजीकरण नेहरू युवा केंद्र करौली कार्यालय में करा सकते है एवं अन्य जानकारी के लिए नेहरू युवा केन्द्र करौली के विकास सिंह से 8619994950 संपर्क कर सकते है।

### कदंब व अन्य प्रकार के पौधे लगाये

**हिंडौन सिटी,** (कासं)। निदान सेवा संस्थान की ओर से निमुंडे हनुमान मंदिर पर संस्था के कार्यकर्ताओं ने कदम्ब का पेड़,आंवले,बेलपत्र,गुलाब के पेड़, चमेली व छायादार पौधों को लगाया गया। संस्थान के अध्यक्ष पंकज सोनी ने बताया कि निदान सेवा संस्थान द्वारा वर्षा ऋतु में संस्थान द्वारा मंदिर व शिक्षा संस्थानों मैं प्रत्येक वर्ष पौधरोपण किया जाता है। सैकड़ों पौधों को लगाया जाता है। संस्थान की ओर से आज हिंडौन-करौली मार्ग स्थित निमंडे हनुमान मंदिर पर कई प्रकार के पेड़ पौधों का रोपण किया गया। जिसमें महात्मा संतो के साथ वृक्षारोपण किया गया। पौधरोपण करने में पंकज सोनी,पुष्पेंद्र चौधरी, सतीश तिवारी,भगवान तिवारी, महात्मा कपिल गिरी महाराज,महात्मा हनुमान दास महाराज,हितेश सैन आदि लोग शामिल रहे।

# गैर शैक्षणिक कार्यों में शिक्षकों की ड्यूटी नहीं लगाने को लेकर ज्ञापन सौंपा



शिक्षकों ने गैर शैक्षणिक कार्यो में ड्यूटी नहीं लगाए जाने की मांग को लेकर एडीएम प्रशासन रतन कुमार ( दाएं से पहले ) को ज्ञापन सौंपा।

**भरतपुर** (निस)। राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय)के कार्यकर्ताओं ने अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट भरतपुर को कम्प्यूटर अनुदेशकों की समस्याओं एवं गैर शैक्षणिक कार्यों में शिक्षकों की ड्यूटी ना लगाई जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर संभाग संयुक्त मंत्री ओमप्रकाश खुंटेला, जिलामंत्री भरतपुर लाखन सिंह जघीना ,कंप्यूटर अनुदेशक संघ से संभाग प्रभारी तेज शर्मा, उपाध्यक्ष अतेंद्र चौधरी,सचिव आकाश,कोषाध्यक्ष पार्थ ,वैशाली, प्रमिला, साक्षी गुप्ता सहित तमाम कंप्यूटर अनुदेशक एवं शिक्षक संघ राष्ट्रीय के अनेक कार्यकर्त्ता उपस्थित थे। निकट भविष्य में 10 अगस्त से संचालित होने वाले इंदिरा गांधी मोबाइल वितरण कैंप में कम्प्यूटर अनुदेशकों को ना लगाए जाने को लेकर अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेटेक को ज्ञापन सौंपते हुए उनको बताया कि यदि कंप्यूटर अनुदेशकों को मोबाइल वितरण कैंप लगाया जाता है तो विद्यालय में इंस्टाल हो रही आईसीटी लैब का काम बाधित होता है.। आईसीटी लैब हेतु स्मार्ट क्लास, प्रोजेक्टर एवम अन्य सामान आकर इंस्टॉल होना है इसके लिए कुछ दिवस पूर्व ही ट्रेनिंग भी दी गई थी।

वर्तमान में लैब का इंस्टालेशन का कार्य प्रगति पर है.विद्यालयों में चल रही कंप्यूटर अध्यापन की कक्षाएं खाली रहेंगी। जिससे विद्यार्थी अध्यापन नही कर पाएंगे। बीकानेर निदेशालय द्वारा भी इस बारे में आदेश जारी किया गया कि कंप्यूटर अनुदेशक शिक्षा संवर्ग का पद है एवम इनको कार्यव्यवस्तार्थ लिपिकीय कार्य एवम अन्य कार्यों में ना लगाया जाए।

## सचिवालय घेराव में पहुंचे भाजपाई

**करौली,** (निसं)। करौली शहर मंडल अध्यक्ष योगेश शर्मा उर्फ योगी के नेतृत्व में नहीं सहेगा राजस्थान कार्यक्रम के चलते सचिवालय जयपुर के घेराव हेतु करौली शहर मंडल से बसें एवं वाहन रवाना हुए। करौली शहर मंडल के महामंत्री आशीष जैन एडवोकेट ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता अशोक सिंह धाबाई ने सभी बसों और वाहनो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जिसमें सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे सभी लोगो ने गर्म जोशी के साथ कांग्रेस सरकार के खिलाफ नारेबाजी की कार्यक्रम मे पूर्व जिला अध्यक्ष प्रहलाद सिंहल,कैलाश शर्मा, सुरेश शुक्ला, केके मित्तल,पुष्पेंद्र सैनी, केके सारस्वत, मुकेश सालोत्री, जयेन्द्र सिंह एडवोकेट, अजय पाल, तेजेंद्र सिंह, उत्तम सिंह जादौन, विस्तारक, सतीश व्यास, पंकज अग्रवाल, सुमित भट्ट,कपिल मित्तल, अशोक वर्मा, द्वारका प्रसाद,वेद प्रकाश सिंहल, हेमेंद्र व्यास उर्फ कान्हा, शीलू पाल, मुकेश कुशवाहा, धन सिंह, तपन व्यास, आशा शर्मा, अनीता शर्मा, कमल,विकास जादौन आदि सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सर्व समाज व विधायकों की सहमति से बनेगी कार्यकारिणी

**करौली,** (निसं)। करौली जिला मुख्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ने कहा कि सर्व समाज के लोगों को साथ लेकर विधायकों की सहमति से ही कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

करौली शहर के गुलाब बाग तिराहा स्थित अजय होटल में मंगलवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिवराज मीणा पूर्व प्रधान हिण्डौन ने प्रेस वार्ता की इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव भूपेंद्र भारद्वाज,जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अनिल शर्मा सहित कई कांग्रेसी उपस्थित थे नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शिवराज मीणा ने कहा कि सर्व समाज के लोगों को साथ लेकर और जिले के चारों विधायकों की सहमति से ही कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा कार्यकारिणी बनाकर प्रदेश मुख्यालय भेज दी गई है शीघ्र ही वहां से हरी झंडी मिलते ही कार्यकारिणी की घोषणा कर दी जाएगी उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने मुझे जो जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है उसको मे पूरी ईमानदारी के साथ निभाऊंगा और कांग्रेस से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति को साथ लेकर बिना भेदभाव के पार्टी की मजबूती के लिए काम करूंगा।

उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने आम आवाम और गरीब तबके के लोगों के साथ-साथ सभी के लिए महत्वाकांक्षी योजनाएं लागू की हैं जिनका लोग लाभ ले रहे हैं उन योजनाओं को आने वाले विधानसभा चुनावों में गांव-गांव,ढाणी- ढाणी के घर-घर ले जाएंगे और लोगों को अवगत कराएंगे ताकि चुनावों में जिले की चारों विधानसभा की सीट जीत पाएंगे इसके अलावा उन्होंने कांग्रेस में चल रही गुटबाजी के सवाल के जवाब में कहा कि लोगों में मतभेद हो सकते हैं गुटबाजी नहीं है अगर फिर भी कोई बात है तो उसे मिल बैठ कर सुलझाएंगे और जिले के चारों विधायकों को एक जाजम पर लाकर कांग्रेश को मजबूत बनाएंगे।

# अखिल भारतीय अब्बासी वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक

**हिंडौन सिटी,** (कासं)। अखिल भारतीय अब्बासी वेलफेयर एसोसिएशन की एक बैठक शाहगंज में फखरुद्दीन अब्बासी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य अतिथि एसोसिएशन के प्रदेश सचिव कलमुद्दीन अबासी,जिला अध्यक्ष जमील अब्बासी उर्फ गुड्डु अब्बासी रहे।बैठक में 25 फरवरी को आयोजित होने वाले 1 के सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर आर्थिक सहयोग के लिए भामाशाह आगे आए और उन्होंने 730200 रुपए का आर्थिक सहयोग किया है। जिस पर एसोसिएशन ने उनका आभार प्रकट किया है। सोमवार 5:00 से शुरू हुई बैठक का रात्रि 10:00 बजे तक समापन हुआ।बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष जमील अब्बासी उर्फ गुड्डु ने कहा कि समाज में विधवा और गरीब तबके के लोगों के बच्चों को पहली प्राथमिकता सामुहिक विवाह सम्मेलन में होगी। बैठक में प्रदेश सचिव कलमुद्दीन अब्बासी, जिला अध्यक्ष जमील अब्बासी उर्फ गुड्डु, उपाध्यक्ष अकरम अब्बासी करौली, जिला महासचिव रहमान आरेज, कोषाध्यक्ष सप्पो अब्बासी,इकराम अब्बासी, संगठन मंत्री बाबूभाई,मंत्री रफीक पटेल,हिण्डौन तहसील अध्यक्ष नूर इस्लाम उर्फ लाला, वरिष्ठ सदस्य जमील अब्बासी, नूरमोहम्मद,,पिंटू अब्बासी महताब पुरा,सोएब उर्फ मुन्ना आदि अतिथियों का साफा माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया।बैठक में अली अब्बासी जुम्मा अब्बासी साबू अब्बासी पप्पू अब्बासी जाकिर कमालपुरा चांद अब्बासी यूसुफ अब्बासी सोनू अब्बासी वेदों अब्बासी अली मोहम्मद अब्बासी साबू अब्बासी अख्तर शौकीन अब्बासीअब्बासी शाहरुख अब्बासी जबरू अब्बासी नूर मोहम्मद अब्बासी मोनू अब्बासी नूरदीन अब्बासी अयूब अब्बासी शेर मोहम्मद अब्बासी शौकीन अब्बासी कमरू अब्बासी हमीद अब्बासी हफीज अब्बासी सुल्तान इस्लामपुरा पार्षद पीर मोहम्मद अब्बासी शाहिद अब्बासी नजरू अब्बासी मुफीद अब्बासी चांद मिस्त्री हनीफ मिस्त्री लाला अब्बासी रानू अब्बासी शहीद अब्बासी जहीर अब्बासी पिंटू अब्बासी शरीफ गब्बू अब्बासी सहित समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## सी.एम. ने कार्रवाई के दिए निर्देश

**महवा,** (निसं)। राज्यसभा सांसद डॉ किरोड़ी लाल मीणा द्वारा ग्राम पंचायत गगवाना टूड़ियाना व बालाहेड़ी को महुवा पंचायत समिति में सम्मिलित करने व महुवा को जिला बनाने के संबंध में मुख्यमंत्री गहलोत को लिखे पत्र में मुख्यमंत्री ने आवश्यक कार्यवाही हेतु अतिरिक्त मुख्य सचिव, ग्रामीण विकास, पंचायत राज विभाग को शुभकामनाएं सहित पत्र भेजा है। सांसद डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा की पहल पर जल्द ही गगवाना, बालाहेड़ी, टूड़ियाना तीनों पंचायत पंचायत समिति महुवा में शामिल होंगी। डॉ किरोड़ी लाल मीना द्वारा मुख्यमंत्री को लिखे पत्र पर हुई कार्यवाही के बारे में बताते हुए भाजपा नेता राजेंद्र मीना ने कहां की सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीना ने ग्राम पंचायत गगवाना, टूड़ियाना, बालाहेड़ी को पंचायत समिति महुवा में जोड़ने और महुवा को जिला बनाने के संबंध में मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में मुख्यमंत्री ने आवश्यक कार्यवाही हेतु अतिरिक्त मुख्य सचिव, ग्रामीण विकास, पंचायत राज विभाग को शुभकामनाएं सहित पत्र भेजा है। गगवाना, बालाहेड़ी, टूड़ियाना तीनों पंचायत पंचायत समिति महुवा में शामिल होंगी।

# विजेता बालक-बालिका को मैडल और प्रशंसा पत्र दिये

**करौली,** (निसं)। तीन दिन से जिला मुख्यालय पर चल रही जिला बॉक्सिंग संघ द्वारा राजस्थान सब जूनियर बालक एवं बालिकाओं की बॉक्सिंग प्रतियोगिता का समापन त्रिलोक चंद माथुर स्टेडियम मैं संपन्न हुआ।

इस अवसर पर समापन के मुख्य अतिथि महिला थाना एडिशनल एसपी किशोर बुटोलिया एवं विशिष्ट अतिथि बाल अधिकारिता विभाग की सहायक निर्देशक श्रद्धा गौतम, करौली के प्रमुख व्यवसाई नरेश बंसल,बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अनिल शर्मा,सदस्य फजल अहमद,दिलीप कुमार,स्वर्गीय मनीष राज की पत्नी तारा मीना,करौली थानाधिकारी यादवेंद्र सिंह एवं राजस्थान बॉक्सिंग एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारी नरेंद्र सिंह निर्माण विशेष रूप से उपस्थित थे सोमवार प्रात: इस प्रतियोगिता में भारतीय मुक्केबाज मैरी कॉम के मुख्य कोच अनूप सिंह करौली इस प्रतियोगिता में उपस्थित हुए जिन्होंने लगातार कई वर्षो तक महिला बॉक्सिंग के राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी को कोच के रूप में प्रशिक्षण दिया उन्होंने बताया कि भारत में और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाली बॉक्सिंग प्रतियोगिता नेशनल बॉक्सिंग कॉमनवेल्थ गेम एशियाई गेम मे भाग लेने वाले और मेडल जीतने वाली कई महिला खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया था इस 38वीं राज्यस्तरीय बालक मुक्केबाजी प्रतियोगिता का चैंपियनशिप सीकर रहा बालिका चैंपियनशिप मे भरतपुर विजेता रही करौली की तरफ से इस प्रतियोगिता में सचिन सारस्वत ने गोल्ड मेडल जीता जिसने जयपुर के गहलोत को हराया बालिका वर्ग में श्रेया गोयल ने सिल्वर मेडल जीता। इस प्रतियोगिता में संरक्षक के रूप में मनोज गर्ग संघ के अध्यक्ष निर्मल मीणा, दारा सिंह मीणा सचिव,उपाध्यक्ष नरेश बंसल, जिया उल्लाह खान, धीरेंद्र बैसला, कोषाअध्यक्ष रिद्धि चंद बंसल, सह सचिव यादराम मीणा, पुष्पेंद्र शर्मा, साजिद खान, बॉबी सिंह राजावत, विक्रम मीणा, सोनू सारस्वत ने प्रतियोगिता में अपना सहयोग दिया इस प्रतियोगिता में करौली के विधायक लाखन सिंह द्वारा जिला बॉक्सिंग संघ की मांग पर एक बॉक्सिंग रिंग देने की घोषणा की जो शीघ्र ही जिला बॉक्सिंग संघ को स्वीकृत की जाएगी प्रतियोगिता के अंत में राजस्थान बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव नरेंद्र निर्माण ने सभी का धन्यवाद व्यक्त किया एवं उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता के आयोजन कर्ता विशेष रूप से दारा सिंह मीणा का बहुत-बहुत आभार जो इतनी छोटी सी जगह में उन्होंने इतनी बड़ी राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता कराई प्रतियोगिता में जिला बॉक्सिंग संघ के सचिव दारा मीणा द्वारा समस्त खिलाड़ियों रेफरी एवं कोच सहित दर्शकों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया प्रतियोगिता के समापन पर आने वाले अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# प्रदेश स्तरीय महाघेराव कार्यक्रम में सैंकड़ों की संख्या में गंगापुर सिटी से पहुंचे भाजपाई



गंगापुर सिटी से सचिवालय घेराव के लिए रवाना होते भाजपा कार्यकर्ता।

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व द्वारा नहीं सहेगा राजस्थान अभियान के अंतर्गत कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार, कुशासन, बिगडती कानून व्यवस्था, युवा, महिला एवम किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ मंगलवार को आयोजित सचिवालय महाघेराव कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी गंगापुर सिटी से अनेक बडे व छोटे वाहनों के माध्यम से प्रात: 8 बजे रवाना होकर पहुंचे।

कार्यक्रम में समस्त प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर रीट पेपर लीक मामला महिलाओं के बढते ग्राफ, बिजली के बिलों की दर में अघोषित बढोतरी, युवाओं की बेरोजगारी भत्ते के मामले में वादाखिलाफी, सम्पूर्ण प्रदेश के किसानों को खाद बीज उपलब्ध कराने की असफलता जैसे मुद्दों को गलत तरीके से उठाया गया। समस्त कार्यकर्ताओं और आमजन द्वारा नहीं सहेगा राजस्थान महिलाओं पर अत्याचार नहीं सहेगा अत्याचार नहीं सहेगा राजस्थान जैसे नारों से गुंजायमान कर दिया। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी पी जोशी के आव्हान पर सम्पूर्ण प्रदेश के उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं द्वारा आगामी विधानसभा चुनावों में प्रदेश कांग्रेस सरकार को उखाड फेंकने का संकल्प लिया गया।

भाजपा शहर मंडल प्रवक्ता धनेश शर्मा ने बताया कि गंगापुर शहर से जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित, पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, सभापति शिवरतन अग्रवाल, प्रधान मंजू गुर्जर, महामंत्री उदय सिंह गुर्जर, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता हेमंत शर्मा, कार्यक्रम के विधानसभा संयोजक एडवोकेट नवीन शर्मा, महेंद्र दीक्षित, उपसभापति वीरेंद्र शर्मा, शहर मंडल अध्यक्ष गिरधारी सोनी, बजीरपुर से नेमी चंद मीणा, अखिलेश शर्मा, हरिओम पटेल, मंडल महामंत्री मिथिलेश व्यास, गोपाल धामोनिया, अंजू जाटव, राधा दीक्षित सहित भाजपा वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में गंगापुर सिटी से रामभरोसी वैष्णव, पार्षद धन सिंह मावई, पूर्व सभापति दीपक सिंघल, रामबाबू शर्मा, श्याम टेलर, भानु पारिक, सुरेश चंद शर्मा, महेश गोत्तम, चिरंजी लोधा, सचिन शर्मा, गोविंद गर्ग, पार्बद बबलू चौधरी, गोविंद पाराशर, संदीप शर्मा, जमना लाल वैष्णव, वीरू बजाज, नवल दंनगस सहित सैकडों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वाहन चोर गिरफ्तार, दो बाइक बरामद

**महुवा,** (निसं)। थाना पुलिस ने शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। वही उसे कब्जे से दो बाइक सहित अन्य सामान बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज है। थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि मंडावर रोड निवासी प्रदीप सिंह गुर्जर के द्वारा मामला ने मामला दर्ज करवाया था कि अज्ञात चोर उसके मकान का ताला तोड़कर पानी की मोटर, कूलर, गैस सिलेंडर की सहित अन्य घरेलू सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर हेड कांस्टेबल राजेश्वर सिंह, कांस्टेबल गौरी शंकर, बने सिंह, कालू राम, मनोज, वीरेंद्र की टीम गठित कर आरोपी रिंकू जाटव पुत्र अशोक कुमार जाटव निवासी धन्तूरी महुवा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक कूलर, एक घरेलू गैस सिलेंडर, स्टील की घी बरनी, दो बाइक बरामद की है। आरोपी आदतन चोरी का अपराधी है। जिसके खिलाफ जयपुर, महुवा, मंडावर, सलेमपुर, बांदीकुई थानों में चोरी, लूट, नकबजनी, हत्या का प्रयास, मारपीट, अवैध हथियार रखने जैसे 15 मुकदमे दर्ज है।

